# हरिभूमि रत्न भूमि

रायपुर, शनिवार, 6 जुलाई 2024


तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 25.0 डिग्री


11 कोसमी विद्यालय में प्रवेश उत्सव के साथ...



12 जिले एवं ब्लॉक के अधिकारी और कर्मचारी...







प्रवेश प्रारंभ
BCA
PGDCA
DCA
B.P.Ed.
B.P.E.
PG Diploma in Yoga Edu.
AICTE एवं NCTE से मान्यता प्राप्त
(पं. र.वि.वि. रायपुर से सम्बद्ध)
नेताजी सुभाष कॉलेज बेलभाठा, अभनपुर


## छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के विजेताओं को मेडल तो दिए लेकिन पुरस्कार राशि देना भूले

### जिले के 1 हजार 36 खिलाड़ी पुरस्कार की राशि लेने भटक रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

छत्तीसगढ़िया ओलंपिक योजना में छत्तीसगढ़ के प्रतिभावान खिलाड़ियों के मनोबल को तोड़ देने वाला एक मामला सामने आया है। यहां छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेल 2023- 24 के 01 हजार 36 विजेता खिलाड़ी बीते 1 साल से पुरस्कार की राशि लेने सरकारी दफ्तरों के चक्कर लगा रहे हैं। जिम्मेदार है कि उन्हें हर बार कोई नया बहाना बनाकर लौटा दे रहा है।

तत्कालिक छत्तीसगढ़ सरकार ने खेल को बढ़ावा देने छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेल का आयोजन किया गया था। 16 खेल विधाओं में पुरस्कार राशि प्रथम 2000 द्वितीय 1500 और तृतीय 1000 रुपए देना भी सुनिश्चित था। इसके तहत 1036 खिलाड़ियों को 17 लाख रुपए अनुमानित राशि देना है। छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेल के विजेता रहे भीम यादव रमेश निषाद गोवर्धन बंसे टूमन साहू गोविंद ध्रुव संतु ध्रुव रूप नारायण मार्कण्डेय मुन्ना साहू दिनेश ठाकुर रामेश्वर साहू ने हरिभूमि को बताया की विभिन्न खेल विधाओं में जीते पुरस्कार की राशि की मांग को लेकर जनपद कार्यालय फिंगेश्वर् आए हुए थे। उन्होंने बताए कि 29 अगस्त को जिला स्तरीय खेल में हिस्सा लिया था जिसमें उन्होंने जीत हासिल किया है। मौके पर उन्हें मैडल तो दिए हैं पर पुरस्कार की राशि आज तक नहीं दिए,जबकि राशि लेने अपना बैंक खाता से संबंधित जानकारी दे चुके हैं। उन्होंने सभी तरह के खेल ▶▶|शेष पेज 10 पर



**जनपद कार्यालय से ले सकेंगे राशि-** विजेता खिलाड़ी को पुरस्कार राशि देने जनपद सीईओ को लगातार पत्राचार किया गया। लेकिन खिलाड़ियों का बैंक डिटेल नहीं होने के कारण उन्हें पुरस्कार राशि नहीं दिया गया है। अब जनपद सीईओ को राशि हस्तांतरित किया जाएगा, खिलाड़ी जनपद कार्यालय से राशि ले सकेंगे।
**-पद्मनी हरदेल**, उप संचालक जिला पंचायत गरियाबंद

### ओलंपिक में कुल 16 खेल सम्मिलित

जानकारी के मुताबिक छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेल 2023- 24 का आयोजन 17 जुलाई से प्रदेश में आयोजित हुआ था। प्रतियोगिता के लिए छह स्तर तय किया गया था जिसमें गांव क्षेत्रीय विकासखण्ड ब्लाक शहरी समूह जिला प्रांतीय और राज्य स्तरीय खेल का आयोजन किया गया। इसी तरह चार आयु समूह 18 वर्ष से कम आयु 18 से 40 वर्ष आयु 40 से 60 वर्ष आयु और 60 वर्ष से अधिक आयु निर्धारित किया था। इसमें पुरुष और महिलाएं अलग अलग श्रेणियों के खेल में शामिल हुए। छत्तीसगढ़िया ओलंपिक में कुल 16 खेल सम्मिलित किया गया था जिसमें गिल्ली डंडा, रस्सा कसी, पित्तुल, संखली, लंगड़ी दौड़, कबड्डी, बांटी, कंचा, बिल्लस, गेड़ी, दौड़, भंवरा खो-खो 100 मीटर दौड़, लंबी कूद, फुगड़ी के अलावा कुश्ती और रस्सी कूद के खेल शामिल हैं। इन सभी खेल में खिलाड़ियों ने अपना दम दिखाया है।

## खबर संक्षेप

### प्राकृतिक आपदा के 2 प्रकरण में आठ लाख रुपए स्वीकृत

**गरियाबंद।** कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने प्राकृतिक आपदा से मृत्यु के 2 प्रकरण में मृतक के परिजनों को प्रत्येक प्रकरण में 4-4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि की स्वीकृति दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गरियाबंद तहसील के ग्राम हरदी निवासी 15 वर्षीय फुलेश उर्फ मनीष कमार का सर्पदंश से मृत्यु हो जाने के कारण उनके निकटतम परिजन पुनित राम को 4 लाख रूपये स्वीकृत की गई है। इसी तरह राजिम तहसील के ग्राम कुम्ही निवासी 33 वर्षीय डायमंड ध्रुव का अग्नि दुर्घटना से मृत्यु हो जाने के कारण उनके निकटतम परिजन उनकी पत्नी ओमिन बाई को 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

### बुजुर्ग ने लगाई फांसी

**महासमुंद।** तेंदूकोना थाना क्षेत्र के ग्राम कोल्दा में एक बुजुर्ग ने फांसी लगा ली। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 4 जुलाई को गैंदलाल साहू पिता बैशाखूराम साहू (64 साल) निवासी ग्राम कोल्दा ने फांसी लगा ली। घटना की सूचना मृतक के बेटे नेमीचंद साहू ने पुलिस को दी, जिस पर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच विवेचना में लिया है।

### बाइक गिरी, महिला की मौत, तीन घायल

**महासमुंद।** ग्राम खम्हारपाली बैरियर के पास ब्रेक के चिपक जाने से उसमें सवार चार लोग नीचे गिर गए, जिसमें एक महिला की मौत हो गई। वहीं तीन लोग घायल हो गए। मामले की जांच सिंघोड़ा पुलिस कर रही है। पुलिस ने बताया कि राजकुमार पिता दयानिधि जाल (50) निवासी बागद्वारी ने सूचना दी कि उसकी भाभी जशोवंती जाल, भतीजा बिशीकेशन जाल, नतनीन अमृता जाल तथा गांव का अक्षय बाइक क्रमांक सीजी 04 एलएम 0135 में सवार होकर सरायपाली से बागद्वारी जा रहे थे। इसी बीच खम्हारपाली बैरियर के पास बाइक का ब्रेक लगाने से उसका ब्रेक शू चिपक गया और उसमें सवार सभी व्यक्ति रोड पर गिर गये। घटना में जशोवंती के सिर में, अमृता के सिर में, बाइक चालक बिशीकेशन जाल के हाथ पैर, चेहरे और अक्षय के सिर, सीने, हाथ में चोट आई। जिन्हें इलाज के लिए शासकीय अस्पताल सरायपाली लाया गया। डॉक्टर ने जांच के बाद जशोवंती जाल को मृत होना बताया।

### मांग : अफसरों के द्वारा लिखित आश्वासन के बाद चक्काजाम स्थगित, धरना प्रदर्शन जारी

## पुल निर्माण की मांग को लेकर नेशनल हाईवे में तीन घंटे तक चक्काजाम, लगी वाहनों की लंबी कतार







हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

पुल निर्माण की मांग को लेकर ग्रामीण आवेदन व निवेदन के बाद शुक्रवार को मजबूरन ग्रामीण अपनी मांगो को लेकर सुबह 8:30 बजे नेशनल हाईवे 130 सी में चक्काजाम कर दिए। नेशनल हाईवे 130 रायपुर से देवभोग ओड़िशा मुख्य मार्ग में मैनपुर से 3 किलो मीटर दूर चक्का जाम कर देने से दोनों तरफ वाहनों की लंबी काफिला लग गया। मैनपुर कला जाने वाले मार्ग में लगभग 8 वर्ष पहले सलप नदी में निर्माण किये गये पुल टूटकर बह गया और पुल टूटने के बाद चारो तरफ 20 से 30 फीट तक गहरे गढ्ढे हो गये हैं। इन गहरे गढ्ढे में जान जोखिम मे डालकर ग्राम मैनपुर कला, पण्डरीपानी, फुलझर, मौहाभाठा के ग्रामीण आना जाना करने मजबूर हो रहे है लेकिन बारिश के इन दिनो में इस गढडे जर्जर टूट चुके पुल मे फिसलन बढ़ जाने से लोग आये दिनो गिरकर दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं। सैकड़ों की संख्या मे छात्र बच्चे, महिला पुरूष व ग्रामीण सड़क में बैठ कर शासन प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। इस दौरान भारी संख्या में पुलिस के बल तैनात किये गये थे, मैनपुर एसडीएम डॉक्टर तुलसीदास मरकाम, एसडीओपी पुलिस बाजीलाल सिंह एवं सेतु निगम लोक निर्माण के अधिकारी द्वारा कई बार ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया गया, लेकिन ग्रामीण समझने का नाम ▶▶|शेष पेज 10 पर

- बारिश मे जान जोखिम में डालकर आना -जाना करने छात्र छात्राएं व ग्रामीण मजबूर

### टूटे पुल की अब तक जांच नहीं

जिला पंचायत सदस्य लोकेश्वरी नेताम, सरपंच कमला बाई नागेश, जनपद सदस्य लीलाबाई कमलेश, युवा कांग्रेस नेता तनवीर राजपुत, सोनू यादव, दुलेन्द्र नेगी, गज्जू नेगी, बिरेन्द्र राजपूत, महेन्द्र नेताम, पार्वती बघेल, धने"वरी यादव, बनसिंह सोरी, भोगेन्द्र बारले एवं ग्रामीणो ने बताया कि लगभग 8 वर्ष पहले 50 लाख रूपये की लागत से पीडब्ल्युडी द्वारा पुल का निर्माण किया गया था वह पुल टूटकर बह गया लेकिन आज तक न तो पुल टुटने की जांच हुई और न ही मरम्मत किया गया। ग्रामीण पिछले आठ वर्षों से जान जोखिम में डालकर आना जाना कर रहे हैं। कई बार धरना प्रदर्शन आंदोलन कर चुकें है, लेकिन अब तक हमारी समस्याओं को कोई सुनने वाला नहीं है। जनचौपाल कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल नवागढ़ परियाबाहरा पहुचें थे तब उन्होने मैनपुर कला में पुल निर्माण के लिये करोड़ों रूपये की घोषणा किया था करोड़ों रूपये घोषणा करने के बाद भी अब तक पुल निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हो पाया जिसके कारण ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है। ग्रामीणों ने चार दिन पहले एसडीएम मैनपुर को ज्ञापन सौंपकर चक्काजाम करने की चेतावनी दिये थे।

## स्कूलों में बाउंड्री वॉल नहीं, विद्यार्थियों की सुरक्षा से खिलवाड़



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

क्षेत्र के सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों की सुरक्षा को लेकर अधिकारी गंभीर नहीं हैं। क्षेत्र के ऐसे कईयों शालाओं में अब तक बाउंड्री भी नहीं कराई गई है। बाउंड्री विहीन ऐसे स्कूलों रसेला में कारामाटी, बेलडीही, लादनपारा, फूलबाहरा, दादर गांव नया, आमपारा, बीजापानी, मडवापथरा, कनफाड, जिडार, सुरंग पानी, सरगी पार, कोडामाल, बागबाहरा आदि ऐसे दर्जनों स्कूलों में चारदीवारी निर्माण को लेकर पहल नहीं की जा रही है। गौर करने वाली बात है कि बाउंड्री विहीन ज्यादातर स्कूल सड़क के किनारे स्थित है। ऐसे में बच्चों के स्कूल आते जाते हर वक्त भय बना रहता है। मध्यावकाश में जब बच्चे मध्यान्ह भोजन खाने के बाद खेलने जाते हैं तो चिंता और भी बढ़ जाती है। शिक्षक और अभिभावक दोनों ही बच्चों की सुरक्षा को लेकर सहमे रहते हैं, और विभाग इससे बेखबर चुप्पी साधे ▶▶|शेष पेज 10 पर

## मृत कोटवार की पत्नी की नियुक्ति तो हुई पर नहीं मिली आदेश कॉपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

पीपरछेड़ी में एक लंबे समय से कार्यरत कोटवार हरिकीर्तन नगारची के निधन होने के पश्चात उनकी पत्नी मीना बाई नगारची को कोटवार तो बना दिया गया लेकिन आज पर्यन्त तक न तो उन्हें आदेश की कॉपी मिला है और न ही पारिश्रमिक। इसे लेकर पूरे तहसील के कोटवार गुस्साए हुए हैं। शुक्रवार को वे एक साथ इकट्ठे हुए और राजिम एसडीएम कार्यालय पहुंचकर एक ज्ञापन दिया जिसमें कहा गया है कि इस महिला कोटवार का परिवार आर्थिक संकट के दौर से गुजर रहा है। परिवार की जिम्मेदारी इन्ही के ऊपर है। जीविकोपार्जन के लिए इनके पास कोई अन्य साधन नहीं है। इस संबंध में कई बार अफसरों का ध्यान आकर्षित कराया गया लेकिन किसी ने भी ध्यान नहीं दिया। अतएव कोटवार संघ इस मामले को लेकर प्रशासन को तीन दिन का समय दिया है। इस तीन दिवस के भीतर यदि ▶▶|शेष पेज 10 पर



कोटवार संघ जा रहे अनिश्चितकालीन हड़ताल पर, सौंपा ज्ञापन

## 154 किमी नहर, 29 जलाशय व्यपवर्तन 5 की जगह 1 उपयंत्री, अन्य सभी पद रिक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

प्रदेश में किसानों द्वारा अधिकांशत धान की फसल का उत्पादन किया जाता है और धान में सबसे अधिक पानी की आवश्यकता होती है, जिसमें छोटे-बड़े सभी बांधों से नहर के माध्यम से खेतों में पानी पहुंचता है ताकि धान की फसल को सही समय पर पानी मिल सके और धान का उत्पादन अच्छा हो सके जो प्रदेश के किसानों के हित में हो, उसके लिए शासन द्वारा जल संसाधन विभाग है जो पानी के वितरण, बांध निर्माण, नहर लाइनिंग ,पानी वितरण, पानी की वसूली एवं इन बांधों के निर्माण कार्य का कार्य करती है। उपयंत्री से लेकर बाकी सभी पद खाली है इसे पता चलता है कि सरकार किसानों को लेकर कितना गंभीर है और जो किसान अन्नदाता है विभिन्न फसलों का उत्पादन करता है उनके लिए पानी पहुंचाने के लिए जो अधिकारी कर्मचारी हैं उन्हीं के पद रिक्त है तो उनके खेतों तक पानी, निर्माण कार्य की देखरेख और वसूली सहित अन्य कार्य कौन करेगा? क्षेत्र में कुल 29 जलाशय बयपवर्तन है, जहां लगभग 154 किलोमीटर नहर लाइनिंग जिस पर विभिन्न कार्य समय पर किया जाता है। जल संसाधन विभाग में 154 किलोमीटर नहर के लिए जल संसाधन उप संभाग में 5 उपन्यत्री के पद है जिसमें मात्र 1 पदस्थ है और चार पद रिक्त है। बाबू का के वर्ग 2 और 3 के पद रिक्त है, तकनीकी सहायक ड्राप्टमेंन 1 पद रिक्त है। अमीन पटवारी के 4 पद हैं चारों पद रिक्त है इसे अंदाजा लगाया जा सकता है कि जल साधन संभाग का कार्य कैसे होता होगा और किसानों को पानी कैसे पहुंचता होगा? क्षेत्र में खरखरा जलाशय, लोहझर व्यापवर्तन, छुरा नया तालाब, घटकर्रा व्यापवर्तन, टुइया मुड़ा व्यपवर्तन, छतरपुर जलाशय, कोठी गांव जलाशय, बोईरगांव जलाशय, कनसिघि जलाशय, जुनवानी जलाशय, खंडमा जलाशय, द्वारतरा ब्यपवर्तन, पिपर छेड़ी बयपवर्तन, भरवा मुड़ा जलाशय, पिपराही व्यपबर्तन, पनका नाला व्यपवर्तन, दुल्लानाला ▶▶|शेष पेज 10 पर




### सर्पदंश की स्थिति में अस्पताल पहुंचे

**गरियाबंद।** बरसात का मौसम शुरु होते ही वातावरण में नमी और उमस बढ़ने के कारण जमीन में रेंगने वाले जहरीले कीट, सांप, बिच्छु अपने बिलों, रहवासों से बाहर आ जाते है, और लोगों को काटने का खतरा बढ़ जाता है। वर्षा का पानी उनके बिलों में भर जाने तथा अपने भोजन की तलाश में ये बाहर आते है तथा सुरक्षित स्थान की तलाश में अक्सर लोगों की घरों में घुस जाते है जिससे सर्पदंश की घटनाऐं बढ जाती है। जिला स्वास्थ्य विभाग ने जनहित में सूचना जारी करते हुए कहा है कि सांप-बिच्छु या जहरीले कीड़े-मकोड़े के काटने पर पीड़ित का तत्काल उपचार कराने से उसकी जान बचाई जा सकती है। गरियाबंद जिले के सभी प्राथमिक, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों व जिला अस्पताल में सर्पदंश व जहरीले कीड़ों के काटने का उपचार उपलब्ध है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गार्गी यदु पॉल ने विशेषकर ग्रामीण क्षेत्र के लोगों से अपील करते हुए ▶▶|शेष पेज 10 पर


अब आईसेक्ट-ईशान एकेडमी नवापारा और राजिम में भी...
आईसेक्ट - ईशान एकेडमी
कम्प्यूटर प्रशिक्षण केन्द्र
कम्प्यूटर पाठ्यक्रम: MBC-T | CCC-T | TALLY | MS-OFFICE | BASIC COMPUTING
विश्वविद्यालय पाठ्यक्रम: PGDCA | DCA
प्रवेश प्रारंभ
100% रोजगार मूलक पाठ्यक्रम | स्कॉलरशिप सुविधा उपलब्ध।
प्रथम 50 छात्र-छात्राओं को प्रवेश पर निःशुल्क पुस्तकें एवं बैग।
नवापारा - सुभाष चौक, सदर रोड
राजिम - साहू छात्रावास के पास, पथर्रा रोड
सम्पर्क करें - 98265-26082


### कल निकलेगी जगन्नाथ की रथ यात्रा

## तैयारी पूरी, एक साथ निकलेंगे तीन रथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

7 जुलाई को रथयात्रा है। रथयात्रा को लेकर पूरा शहर और आस-पास के गांव में बहुत ही उत्साह का वातावरण देखा जा रहा है। परंपरा के मुताबिक इस शहर में तीन रथ एक साथ निकलती है। जिसमें पहला नंबर पर राधाकृष्ण मंदिर का रथ दूसरे क्रम में श्री सत्यनाराण मंदिर का रथ और इन दोनों रथों के पीछे साई मंदिर का रथ चलती है। तीनों मंदिरो का रथ तैयार है। साई मंदिर कमेटी के अध्यक्ष भारत सोनकर ने बताया कि पिछले कई वर्षो से रथयात्रा पर्व में इस मंदिर से रथ निकाली जा रही है। ये रथ राधाकृष्ण मंदिर और सत्यनाराण मंदिर के रथ के बाद तीसरे क्रम में रहती है। तीनों रथों से गजा मुंग का प्रसाद वितरण पूरे शहर में की जाती है। ये दृश्य बहुत ही अनोखा होता है। रथ को खींचने के लिए भक्तों में होड़ मची रहती है। राधाकृष्ण मंदिर कमेटी के पदाधिकारी गिरधारी अग्रवाल ने बताया कि सेठ चतुर्भुज भागीरथ अग्रवाल परिवार द्वारा निर्मित राधाकृष्ण मंदिर स्थापना का 99 वर्ष पूरे हो गए है। इस मंदिर में भगवान राधाकृष्ण के अलावा भगवान जगन्नाथ उनकी बहन सुभद्रा माता एवं भाई बलदाऊ की मनोहारी मूर्ति विराजित है। साथ ही शिव परिवार, माता रानी अम्बे भवानी का मंदिर, हनुमान जी का मंदिर एवं महाराज अग्रसेन की मूर्ति भी विराजित है। यहाँ की रथ यात्रा का आयोजन 99 वर्ष से हो रहा है इस आयोजन का केवल नगर ही नहीं दूर-दूर से अंचल के भक्तों को इंतजार रहता है।



**भक्तों को खिचड़ी प्रसाद का वितरण-** मंदिर के ट्रस्टी एवं इस मंदिर से जुड़े भक्त गण रथयात्रा की तैयारी बहुत ही जोर शोर से कर रहे है। रथ यात्रा के दिन सुबह 10 बजे से भक्तों को खिचड़ी प्रसाद वितरण किया जाता है, शाम 4 बजे भगवान को रथ में विराजमान कराया जाता है। यह यात्रा सदर रोड होते बस स्टैंड, गंजरोड होते वापस मंदिर पहुंचेगी। इस दौरान, बैंड बाजा, भजन मंडली, सांस्कृतिक मंडलियां नृत्य करते आगे आगे चलती है, जिस भी भक्त के घर दुकान के सामने से महाप्रभु निकलते हैं भक्तगण भगवान की आरती उतारकर दर्शन कर अपने को धन्य समझते है। मंदिर ट्रस्टियों ने सभी भक्तों से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की है।

### दो पक्षों के बीच मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम सेमलिया में मीटिंग के दौरान उपजे विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट की घटना हो गई। दोनों पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ तेंदूकोना थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले की विवेचना शुरू कर दी है।पहले पक्ष के प्रवीण बारिक पिता गिरेंद्र बारिक ने पुलिस को बताया कि 4 जून को ग्राम सेमलिया में पूर्व में हुये मोहन बढ़ाई की मृत्यु के संबंध में ग्रामीण बैठक हो रही थी। जिसमें मैं, मेरा भाई इलेंद्र बारिक और गांव के अन्य लोग उपस्थित थे। मीटिंग में नवीन बढ़ाई एवं उसके परिवार के लोग भी आये हुये थे । मीटिंग के दौरान पंचों की बात न मानकर आरोपी नवीन बढ़ाई, किशोर बढ़ाई, सुमन बढ़ाई, नयन बढ़ाई, लोकेश बढ़ाई, गणेश बढ़ाई, फुलमती बढ़ाई एवं बेलमती बढ़ाई आवेश में आकर गाली गलौच करने लगे, जब मैने मना किया तो जान से मारने की धमकी देकर मेरे और मेरे भाई इलेंद्र बारिक को हाथ, मुक्का से मारपीट किए, जिससे मेरे माथे, होंठ एवं बायें कंधे तथा मेरे भाई इलेंद्र के नाक के ऊपर, बायें कंधे एवं छाती में चोट आई है।


पाठक सूचना
गरियाबंद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9993223300, 8370049468

## खबर संक्षेप

### गुंडिचा मंदिर पूर्णता की ओर निकलेगी अलौकिक झांकी



**मैनपुर।** जिले के अंतर्गत मैनपुर ब्लाक के अंतर्गत नवीन तहसील धर्म नगरी ग्राम अमलीपदर के हृदय स्थल में विराजमान जगन्नाथ मंदिर में प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष रथयात्र महोत्सव बड़ी धुमधाम से मनाया जाएगा। इस वर्ष रथयात्रा महोत्सव में अमलीपदर बस स्टैंड में निमार्ण हो रहे गुंडिचा मंदिर का झांकी लोगों की नजर हट नहीं पा रही है। इस वर्ष गुंडिचा मंदिर का स्वरूप मंदिर के अनुरूप निर्माण कार्य किया गया है। ओड़िशा से आये कलाकारों द्वारा यह कार्य किया जा रहा है जो वाकई तारीफ के काबिल है। जगन्नाथ भक्तों का कहना है यह एक अद्भुत कलाकारी है। जगन्नाथ मंदिर के मुख्य पुजारी पं युवराज पांडेय ने बताया की दिन शनिवार को श्री बलभद्र, मां सुभद्रा एवं जगन्नाथ का दर्शन होगा। जिसमें भगवान पुर्णत स्वस्थ होंगे और श्री मंदिर का पट कल ब्रह्म मुहूर्त में वेद मंत्रें, पंच ध्वनि के द्वारा स्तुति होगी ।और नवयौवन भेष (श्रृंगार) होगा महाप्रभु का एवं पुजा पाठ, स्तुति के पश्चात गांव के देवी देवता के पुजन और श्री नंदी घोष रथ का पुजा अर्चना किया जाएगा।

### कौशल्या साय ने देखा मोर बाई हाई फाई का ट्रेलर, फिल्म को सराहा



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की बहुप्रतीक्षित फिल्म मोर बाई हाई फाई 26 जुलाई को रिलीज होने जा रही है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पत्नी कौशल्या साय ने फिल्म का ट्रेलर देखा और इसकी जमकर तारीफ की। मोर बाई हाई फाई फिल्म के निर्माता और नायक प्रकाश अवस्थी हैं, जबकि नायिका सृष्टि देवांगन हैं। फिल्म का निर्देशन नितेश लहरी ने किया है। फिल्म में योगेश अग्रवाल, क्रांति दीक्षित, राजू पाण्डेय, दीपाली पांडेय, नैनी तिवारी, अनुपम वर्मा, प्रमिला रात्रे, देवेंद्र पांडेय, घनश्याम वर्मा, लता राही, वर्षा बर्मन, आनंद साहू, विजय मिश्रा, आयशा, लकी रघुवंशी समेत कई कलाकार भी हैं।

### चैंबर ने ई-वे बिल यथावत रखने लिखा पत्र

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि चैंबर ने पत्र प्रेषित कर चीफ कमिश्नर सेंट्रल जीएसटी भोपाल सीपी गोयल को ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के तहत ई-वे बिल से संबंधित पूर्व अधिसूचना को यथावत रखने की मांग की है। चैंबर प्रदेश अध्यक्ष श्री पारवानी ने बताया कि संबंधित पत्र के माध्यम से ई-वे बिल की संख्या एवं अनुपालन से संबंधित बढ़ती जटिलताओं की जानकारी दी गई। इस संबंध में राज्य जीएसटी आयुक्त एवं सेंट्रल जीएसटी आयुक्त को भी अधिसूचना पर पुनः विचार करने पत्र भेजा गया है।

### प्रदेश के वातावरण को बिगाड़ने में लगे हैं असामाजिक तत्व

**रायपुर।** वनमंत्री श्री केदार कश्यप ने कहा है, देश और छत्तीसगढ़ में सौहार्द्र का वातावरण है, जिसे कुछ असामाजिक और अपराधिक तत्व के लोग समाज को उकसाने का काम कर रहे हैं। भाजपा ने सभी लोगों के लिए वैक्सीन, पीएम आवास, आयुष्मान कार्ड बनाया। मुफ्त चावल देने का काम किया। अब्दुल कलाम आजाद को राष्ट्रपति बनाया। जो लोग असुरक्षा का सवाल उठा रहे हैं, उन्होंने खुद इनके साथ राजनीति करने के सिवाय कुछ नहीं किया है। श्री कश्यप ने कहा, छत्तीसगढ़ में जो भी अपराधिक तत्व के हैं, वो किसी भी समाज के हों, वह कानून से ऊपर नहीं हैं। उन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। भीम आर्मी प्रमुख चंद्रशेखर आजाद के बयान पर वनमंत्री श्री कश्यप ने कहा, सतनामी समाज बाबा गुरु घासीदास को मानने वाला है, बाबा अहिंसा के पुजारी थे।

# अस्पताल में ईलाज के लिए पहुंचे मरीजों से विधायक जनक ने जाना हालचाल

## एक्सरे कक्ष, दवा स्टाक रूम एंव विभिन्न वार्डों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

- भवन निर्माण के घटिया कार्य को देखकर लगाई फटकार

बिन्द्रानवागढ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव मैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में दवा, एक्सरे कक्ष स्टाक रूम एंव विभिन्न वार्डों का निरीक्षण किया। इस दौरान अस्पताल में ईलाज के लिए पहुंचे मरीजों से उनका हालचाल जाना। मरीजों ने उन्हे ईलाज के सबंध में बताया साथ ही विधायक जनक ध्रुव ने मरीजों को मिलने वाले भोजन एंव अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी लिया। शौचालय के निरीक्षण के दौरान भारी गदंगी को देख विधायक बिफर पड़े और कहा कि इसकी तत्काल साफ- सफाई करवाया जाए जब अस्पताल में ऐसा स्थिति है तो अन्य जगह क्या स्थिति होगा। निरीक्षण के दौरान बीएमओ से जानकारी लिया कि अस्पताल में सभी दवा पर्याप्त मात्रा में है कि नहीं क्योंकि आगामी बारिश के दिनों में वनांचल क्षेत्र के ग्रामों में डायरिया, मलेरिया का प्रकोप बढ़ जाता है इसलिए समय से पहले सभी उपस्वास्थ्य केन्द्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में पर्याप्त मात्रा में दवा उपलब्ध कराया जाये और पहाड़ी ऊपर बसे विशेष पिछड़ी कमार जनजाति ग्रामों में शिविर लगाकर लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाये साथ ही स्कूलों में भी बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण करने को कहा है, विधायक ने स्थानीय, आश्रम, छात्रवास का निरीक्षण कर वहां छात्र- छात्राओ के स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हे दवा उपलब्ध कराने के साथ ही स्वच्छता पर कार्यशाला आयोजित करने का निर्देश दिया हैं।



### कर्मचारी आवास के धीमी और घटिया निर्माण पर शिकायत

मैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के परिसर में विभिन्न निर्माण कार्य करोडो रूपये के लागत से किया जा रहे है लेकिन कोई भी निर्माण कार्य स्थल पर निर्माण सबंधी सूचना पलट नहीं लगने पर विधायक ने नराजगी जताई और कहा कि तत्काल सभी निर्माण कार्यों में सूचना पटल लगाया जाए। एक माह पहले निर्माण कर तैयार भवन से पानी टपकने पर विधायक बिफर पडे और कहा कि घटिया निर्माण की जांच किया जाना चाहिए। नगर के लोगों ने बताया कि यहां पिछले पांच वर्षों से स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टर एवं कर्मचारियों के लिए भवन निर्माण कार्य किया जा रहा है लेकिन भवन निर्माण कार्य बेहद धीमी गति से होने के कारण पांच वर्षों बाद भी पूर्ण नहीं हुआ है, इस मामले की शिकायत विधायक द्वारा किये जाने बात कही है साथ ही सबंधित कार्य एजेंसी के खिलाफ भी कार्यवाही करवाने की बात कही है। इस मौके पर प्रमुख रूप से विकासखण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर गजेन्द्र ध्रुव, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, महामंत्री गेदुं यादव, सोहन नागेश, प्रियंका कपील, लिकेश यादव, डोमार साहू, खेलन साहू सहित स्थानीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## तात्यापारा से शारदा चौक तक सड़क चौड़ीकरण की मांग

# महापौर और कांग्रेसी पार्षदों ने सड़क चौड़ीकरण को लेकर किया पैदल मार्च




हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

तात्यापारा से शारदा चौक सड़क चौड़ीकरण को लेकर गुरुवार को महापौर एजाज ढेबर सहित कांग्रेस पार्षद सड़क पर उतरे। सड़क चौड़ीकरण की मांग करते हुए पार्षद दल ने नगर निगम से जयस्तंभ चौक तक पैदल मार्च कर ध्यान आकर्षित कराया। महापौर एजाज ढेबर ने कहा कि पिछली सरकार ने लोक निर्माण विभाग को सड़क चौड़ीकरण के लिए 137 करोड़ का बजट दिया है। टोकन के तौर पर 4 करोड़ दिये जा चुके हैं। इसके बाद भी राज्य सरकार इस ओर ध्यान नहीं दे रही।

महापौर एजाज ढेबर, शहर अध्यक्ष गिरीश दुबे, सभापति प्रमोद दुबे और कांग्रेसी पार्षदों के साथ निगम मुख्यालय से जयस्तंभ चौक तक पैदल यात्रा की। वे लोक निर्माण विभाग से शारदा चौक से तात्यापारा सड़क चौड़ीकरण अविलंब शुरू करने की मांग करने सड़क पर उतरे। इससे पहले कांग्रेस पार्षद दल ने नगरीय निकाय और लोक निर्माण विभाग मंत्री अरुण साव से मुलाकात की थी। महापौर ने उप मुख्यमंत्री से सड़क चौड़ीकरण के लिए स्वीकृत फंड को जारी करने और लोक निर्माण एजेंसी से सड़क चौड़ीकरण का काम नगर निगम को देले की मांग की थी। श्री ढेबर ने कहा कि दलगत राजनीति से उठकर जनहित में रायपुर शहर के बारे में विचार करना चाहिए। सड़क चौड़ीकरण करने से जहां सुगम आवागमन में आसानी होगी। वहीं आसपास के व्यापारियों ट्रेफिक जाम से होने वाली परेशानी से राहत मिलेगी।

### 19 साल पहले बना था चौड़ीकरण का प्रस्ताव

शहर के लाइफ लाइन माने जाने वाले तात्यापारा से शारदा चौक सड़क चौड़ीकरण का प्रस्ताव 19 साल पहले बनाया गया था। पूर्व महापौर सुनील सोनी के कार्यकाल में उस समय पहले फेज में आमापारा से तात्यापारा सड़क चौड़ीकरण हुआ। दूसरे फेज में तात्यापारा सड़क चौड़ीकरण का प्रस्ताव रहा। पर दूसरे फेज का काम शुरू होने से पहले निगम में सत्ता बदल गई। सुनील सोनी की जगही किरणमयी नायक महापौर बनी। किरणमयी के बाद प्रमोद दुबे महापौर बने। इस दौरान कई बार दूसरे फेज यानी तात्यापारा से शारदा चौक सड़क चौड़ीकरण का प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजा गया। मुआवजे को लेकर नगर निगम और राज्य शासन के बीच सहमति नहीं बन पाई। निगम चुनाव से पहले एक बार फिर तात्यापारा से शारदा चौक सड़क चौड़ीकरण मामला चर्चा में है। पैदल मार्च में वरिष्ठ एमआईसी सदस्य श्रीकुमार मेनन, सतनाम पनाग, रितेश त्रिपाठी, सुरेश चन्नावार, सुंदर जोगी, पार्षद प्रतिनिधि राधेश्याम विभार, पूर्व पार्षद राकेश धोतरे, जितेन्द्र अग्रवाल सहित कांग्रेसी कार्यकर्ता शामिल रहे।

# आदर्श पंचायत सुंदरकेरा में बहुओं का सम्मान समारोह



हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

सुंदरकेरा में ग्राम पंचायत एवं ग्रामवासियों द्वारा पिछले पांच वर्षो से बहु बनकर आई नई-नवेली दुल्हनो का सम्मान समारोह कार्यक्रम रखा जा रहा है। इस अनोखा कार्यक्रम की तारीफ समूचे क्षेत्र में हो रही है। यह एक ऐसा पहला गांव है जहां ये कार्यक्रम पिछले पांच वर्षो से नए बहुओं के हौसला आफजाई करने के लिए किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में बहुएं खुशी-खुशी शामिल होती है। कार्यक्रम का उद्देश्य भी बहुत ही अच्छा है इससे गांव की बहुओं में आपस में मेलजोल,परिचय और प्रेम बढ़ता है। इस बार यह आयोजन पंचायत भवन में आयोजित हुआ जहां बड़ी संख्या में बहुएं, गांव की मातृशक्तियां और जनप्रतिनिधि इकट्ठे थे। बहुओं को संबोधित करने के लिए विशेष रूप से सीईओ पांडेय, पंडित ऋषि दुबे ,भगवताचार्य प्रहलाद वैष्णव, सेवानिवृत प्रधान पाठक टीका राम पटेल, श्रवण साहू व गांव की महिला सरपंच किरण साहू मौजूद थे। कार्यक्रम के शुभारंभ में सबसे पहले मां महामाया की पूजा-अर्चना की गई। बहुओं को संबोधित करते हुए अतिथियो ने कहा कि जिस तरह से माता सीता विषम परिस्थितियों में भी अपने कर्तव्य का पालन किया निश्चित ही इससे मर्यादा की शिक्षा मिलती है। यदि घर को स्वर्ग बनाना है,तो बहुओं को मायके की बड़ाई और ससुराल की निंदा से बचना चाहिए। घर को साफ-सुथरा रखना बहुओ की अहम जिम्मेदारी है। शाम होते ही मां तुलसी के समक्ष दीया जलाना कभी न भूलें। सरपंच किरण साहू ने कहा कि नारियां दो कुल का भार वहन करती है इसीलिए उसे बेटी और बहु का सम्मान मिलता है। इस अवसर पर प्रखर हिंदुवादी नेता पूर्व सरपंच नत्थुराम साहू ने कहा कि हमारा गांव आदर्श कैसे बनें, इस पर सामूहिक चिंतन होना चाहिए। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत द्वारा नववधुओं को वस्त्र,श्रीफल एवं नगद राशि भेंट कर सम्मानित किया गया। सम्मान पाने वाले बहुओ में हीना साहू,राधा साहू,टिकेश्वरी साहू, नारायणी तारक, पुष्पा तारक, टेमिन पटेल, वीणा साहू, कल्याणी तारक प्रमुख थे। कार्यक्रम में गांव के गणमान्य नागरिक कमलेश यादव, टीकाराम पटेल ,भुनेश्वर साहू,रामधन साहू,बिसोहा साहू, देवनाथ साहु,मालती साहू, तोरण साहू, रामा पटेल, ब्रह्मानंद पटेल, अनिल साहू, कार्यक्रम अधिकारी दयानंद देवांगन, इंजीनियर लोकेश बारले, खेवन टंडन रोजगार सहायक सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद थे।

# हसदा में मना प्रवेशोत्सव, न्योता भोज के साथ किया पौधारोपण





हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

क्षेत्र के सबसे बड़े ग्राम पंचायत हसदा नं 2 में प्राथमिक शाला, माध्यमिक शाला ,हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी विद्यालय का सामूहिक शाला प्रवेशोत्सव ग्राम पंचायत के तत्वावधान में हायर सेकेंडरी स्कूल प्रांगण में हुआ। इस अवसर पर कार्यक्रम में प्रत्येक विद्यालय से एक-एक प्रेरणादायक व शिक्षाप्रद सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कक्षा 1ली से 12वीं तक सभी विद्यार्थी एक ही प्रांगण में उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रमोद साहू थे। अध्यक्षता प्राचार्य आर के निषाद ने किया। विशिष्ट अतिथि शशिप्रकाश साहू सरपंच, चंद्रहास साहू पूर्व उपाध्यक्ष जनपद पंचायत अभनपुर, शाला विकास समिति के अध्यक्ष विजय साहू, राजकुमार रात्रे, कुलदीप सेन, चंद्रहास हिरवानी मौजूद थे। कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में मातृशक्तियों की उपस्थित रही। कार्यक्रम में उपस्थित समस्त अतिथियों द्वारा शासकीय विद्यालय में होने वाली बच्चों के सवार्गीण विकास पर विचार रखते शासकीय स्कूलों मे प्रवेश हेतु प्रेरित कर पौधारोपण भी किया गया। संचालन एस चंद्राकर ने की। ग्राम पंचायत द्वारा नेवता भोज भी कराया गया।

## लफंदी में बाल संस्कार शाला का शुभारंभ

राजिम। लफंदी में सरपंच प्रतिनिधि वरिष्ठ भाजपा नेता नेहरू साहू ने गायत्री परिवार द्वारा आयोजित बाल संस्कार शाला का शुभारंभ किया। शाला में 80 बच्चे शामिल हुए। ये शाला हर रविवार को दो घंटा चलेगा। कार्यक्रम में टीकु राम साहू, रिखी साहू, पूरन साहू सहित गायत्री परिवार और ग्रामवासी शामिल हुए।





# फणीकेश्वरनाथ कॉलेज में शिक्षा नीति 2020 को लेकर कार्यशाला



हरिभूमि न्यूज ⏭ फिंगेश्वर

फणिकेश्वर नाथ शासकीय महाविद्यालय फिंगेश्वर के बैनर तले राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 क्रियान्वयन विषय पर एक दिवसीय महाविद्यालय स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप प्रो. एमएल वर्मा प्रभारी प्राचार्य शासकीय राजीव लोचन महाविद्यालय राजिम उपस्थिति थे। कार्यशाला का मंच संचालन राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 क्रियान्वयन प्रकोष्ठ का संयोजक प्रो.देवादास बंजारे ने किया। उन्होंने अपने स्वागतीय उदबोधन में छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के मुख्य विशेषताओ, प्रावधानों, लाभों, पूर्व की शिक्षा नीति एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में अंतर को विस्तार से सबके सामने रखा। आगे उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 विद्यार्थियों के सवांर्गीण विकास का भाव लिए



गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा, विषय संबंधित ज्ञान के साथ कौशल विकास, मूल्यपरक तथा रोजगारोन्मुखी शिक्षा की ओर उन्मुख करती है। इस नीति के अंतर्गत बहुविषयक शिक्षा, वैचारिक समझ एवं आलोचनात्मक सोच, नैतिक मूल्यों के साथ कौशल विकास को भी पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाया गया है।समस्त पाठ्यक्रम क्रेडिट पर आधारित होने के साथ ही चॉइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम के अंतर्गत होंगे। शासन के आदेशानुसार कार्यशाला दो सत्रें में आयोजित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त सहायक प्राध्यापक, अतिथि सहायक प्राध्यापक एवं गैर शैक्षणिक स्टाफ उपस्थित रहे।



## मुख्यमंत्री ने सपत्नीक देखा छ:ग फिल्म मोर बाई हाई फाई का ट्रेलर

**राजिम।** छत्तीसगढ़ की बहुप्रतीक्षित फिल्म मोर बाई हाई फाई 26 जुलाई को रिलीज होने जा रही है। रिलीज होने के पहले मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपनी पत्नी के साथ फिल्म का ट्रेलर देखा। कहा कि मोर बाई हाई फाई न केवल एक पारिवारिक मनोरंजन वाली फिल्म है, बल्कि यह समाज को एक सार्थक संदेश देने वाली भी है। ऐसी फिल्मों की आज समाज में बहुत आवश्यकता है जो दर्शकों का मनोरंजन करने के साथ ही उन्हें प्रेरित भी करें। मुख्यमंत्री जी की धर्म पत्नी कौशल्या साय ने फिल्म की तारीफ करते हुए कहा कि प्रकाश अवस्थी हमेशा ही महिलाओं पर केंद्रित उत्कृष्ट फिल्में बनाते हैं। फिल्म के निर्माता और हीरो प्रकाश अवस्थी हैं। नायिका सृष्टि देवांगन हैं। मालूम हो कि प्रकाश अवस्थी गरियाबंद जिले के अमलीपदर गांव के रहने वाले हैं। पढ़ाई इनकी गरियाबंद में हुई। शुरू से ही ये प्रतिभा संपन्न छात्र रहे हैं। इनके छोटे भाई राजेश अवस्थी भी छत्तीसगढ़ी फिल्म के हीरो हैं। इन दोनों भाइयों के प्रति समूचा गरियाबंद जिला अपने आप में गर्व महसुस करता हैं।

## पेज 9 के शेष...

### छत्तीसगढ़िया ओलंपिक...

में हिस्सा लिए है और प्रतियोगिता में जीत दर्ज कर विजेता बने हैं। खेल आयोजन के दौरान उन्हें मेडल तो दिए लेकिन पुरस्कार की राशि आज तक उन्हें नहीं दिए। अब तक सभी खिलाड़ी पुरस्कार की राशि लेने प्रशासन के चक्कर लगा रहे हैं फिर भी उन्हें उक्त राशि नहीं दे रहे हैं। पूछने पर अधिकारी उन्हें संतुष्टि पूर्ण जवाब नहीं देते। प्रदेश में छत्तीसगढ़ के पारंपरिक खेल गतिविधियों को ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में प्रोत्साहित करने प्रतिभागियों को मंच प्रदान करने पारंपरिक खेलों के प्रति जागरूकता बढ़ाने और खेल भावना का विकास करने के दृष्टिगत से छत्तीसगढ़िया ओलंपिक योजना प्रदेश में शुरू किया था। गरियाबंद के गांधी मैदान और क्रीड़ा परिसर में 29 अगस्त को जिला स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 16 खेल विधाओं में 1600 से अधिक खिलाड़ियों ने जोश और जुनून के साथ दमखम दिखाएं हैं। जिसमें 1036 खिलाड़ियों ने विजय हासिल की। इनमें 513 महिलाएं और 523 पुरूष शामिल है। छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेल के 1036 विजेता प्रतिभागी बीते एक साल से विभिन्न पुरस्कार के राशि लेने भटकने को मजबूर हो गए हैं। जिला प्रशासन ने विजेता प्रतिभागी को मेडल तो दे दिए किंतु उन्हें पुरस्कार की लगभग 17 लाख रुपए की राशि उन्हें देना भूल गए।

### पुल निर्माण की मांग...

ही नहीं ले रहे थे और जोर जोर से नारेबाजी कर रहे थे। सुबह 11:30 बजे के आसपास सेतु निगम के अधिकारियों की उपस्थिति में लिखित आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने लगभग 3 घंटे पश्चात लगभग 12 बजे के आसपास चक्काजाम को स्थगित कर दिया लेकिन ग्रामीणों ने सड़क किनारे अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन प्रारंभ कर दिया है। इस दौरान अधिकारियों द्वारा लिखित में आश्वासन दिया गया है कि 15 दिनों के भीतर पुल निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया जायेगा तब ग्रामीणों ने अपना चक्काजाम स्थगित किया। लेकिन ग्रामीणों ने अफसरों से कहा है हम लगातार यही पर सड़क किनारे धरना प्रदर्शन करते रहेगें और 15 दिनों के भीतर पुल निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हुआ तो फिर चक्काजाम करने कि बात ग्रामीणों ने कही है।

**5.70 करोड़ रूपये की लागत से होगा पुल का निर्माण-** चक्काजाम कर रहे ग्रामीणों को बार- बार एसडीएम और स्थानीय अधिकारियों द्वारा समझाने के बाद भी जब कोई असर नहीं हुआ तो सेतु निगम लोक निर्माण विभाग के एसडीओ एसके पंडोले द्वारा ग्रामीणों को बकायदा लिखित में सील लगाकर दिया गया तब ग्रामीण चक्काजाम स्थगित किये। लेकिन ग्रामीणों के द्वारा अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन किया जा रहा है।

**लिखित आश्वासन के बाद चक्काजाम स्थगित-** ग्रामीण पुल निर्माण की मांग को लेकर सुबह से चक्काजाम कर रहे थे लिखित आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने चक्काजाम स्थगित किया है। एसडीएम ने बताया जल्द पुल निर्माण कार्य प्रारंभ होगा।

**डॉक्टर तुलसीदास मरकाम,**मैनपुर एसडीएम

**स्कूलों में लगे रहे ताले-** ग्रामीणों के द्वारा नेशनल हाईवे मे सुबह 8:30 बजे से चक्काजाम कर देने से दोनों तरफ सैकड़ो वाहनों का काफिला लग गया और यात्रा करने वाले हजारों यात्री परेशान होते नजर आए। साथ ही दर्जनों स्कूलों के आज ताले तक नहीं खुले क्योंकि चक्काजाम मे स्कूल मे पढ़ाने वाले शिक्षक 12 बजे तक फंसे रहे।

### स्कूलों में बाउंड्री वॉल...

हुए हैं। स्कूलों की बाउंड्री न होने के कारण असामाजिक तत्व स्कूल परिसर में बैठकर शराब पीते हैं, और बोतलों को वहीं पर फोड़ देते हैं। इस संबंध में सरपंच बिग्रेद्र ठाकुर, कामनी ध्रुव, हूमन नागेश, भुवन नेताम, ढलेश ध्रुव, बिग्रेद्र सोरी, जनपद सदस्य हेमलता ध्रुव, थानेश्वर कंवर, शाला समिति के अध्यक्ष व सदस्य ने बताया कि स्कूल परिसर में बाउंड्री बनवाने के लिए शासन प्रशासन और वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत करा चुके हैं। बाउंड्री वॉल की व्यवस्था शासन द्वारा एक लंबे समय से नहीं किये जाने से उक्त स्कूलों की सुरक्षा व्यवस्था पर जहां प्रश्न चिन्ह खड़ा हो रहा है। सुरक्षा की दृष्टि से पक्का बाउंड्री वॉल तमाम शालाओं में बनाये जाने की दिशा में प्रशासन के उच्चाधिकारियों व शासन को ध्यान देना चाहिए।

### मृत कोटवार की...

कोटवार मीना को पारिश्रमिक और आदेश कॉपी नहीं दिया गया तो 8 जुलाई से सभी कोटवार अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे। इस ज्ञापन में संघ के पदाधिकारियो एवं पीड़ित महिला कोटवार मीना बाई के हस्ताक्षर है।

### 154 किमी नहर...

व्यपवर्तन, पत्थररी जलाशय, रसेला व्यपवर्तन, कनेसर जलाशय, टेंगनही जलाशय, रानी डोंगरी जलाशय ,कोरासि व्यापवर्तन, मलेवा डोंगरी स्टाप डेम, वेन्द्रानाला, मुंडा नाला व्यापवर्तन है। इस संबंध में जल संसाधन उप संभाग के एसडीओ पुनीत सिरमौर ने बताया कि सभी रिक्त पदों की जानकारी उच्च कार्यालय को दी जा चुकी है। किसानों को किसी प्रकार की परेशानी ना हो उसके लिए लगातार कर्मचारी लगे रहते हैं।

### सर्पदंश की स्थिति...

कहा है कि सर्पदंश होने पर या जहरीले कीट के काटने पर एक से डेढ घंटे के भीतर पीडित को सही उपचार न मिलने से उसकी मृत्यु भी हो सकती है, इसलिये पीड़ित को शीघ्रताशीघ्र निकट के स्वास्थ्य केन्द्र में ईलाज के लिये लेकर आना चाहिए। कभी भी बैगा-गुनिया या झाड़-फूंक के चक्कर में नहीं पड़ना चाहिए। यद्यपि सभी सर्प जहरीले नहीं होते लेकिन सर्पदंश होने पर पीड़ित को घबराहट होती है, जो ऐसी स्थिति में जानलेवा हो सकती है।सर्पदंश के उपचार हेतु एंटीस्नेक वेनम का पर्याप्त डोज़ जिला अस्पताल सहित सभी प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में उपलब्ध है। अतः बिना देर किये नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में पहुँचकर उपचार कराना चाहिए। सर्पदंश पीडित को सही समय में ईलाज मिलने से उसकी जान बचाई जा सकती है।

## खबर संक्षेप



### सैलानियों को लुभाने लगी वनांचल की वादियां

**मैनपुर।** जिले के वनांचल मैनपुर की हरियाली मानसून के आगाज के साथ ही चार चांद लगा रहा है। गरियाबंद से लेकर मैनपुर, इंदागांव, देवभोग तक चारो तरफ सिर्फ हरियाली नजर आ रही है। चरों तरफ हरियाली छाई हुई है और हल्की रिमझिम बारिश में क्षेत्र का माहौल खुशनुमा नजर आ रहा है। वहीं हल्की बारिश के साथ जंगल में हरियाली लौट आई है झरनों के कलकल नाद व पक्षियों कलरव से वातावरण खुशनुमा हो गया है। शहरी क्षेत्र से बड़ी संख्या में लोग यहां प्रकृति का आनंद लेने पहुंच रहे हैं, बरहाल मैनपुर क्षेत्र के जंगलों में इन दिनों खुबसूरती बिखर रही है।

### राहुल गांधी के बयान पर भाजपाई नाराज

**रसेला।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने सोमवार 1 जुलाई को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष के तौर पर पहला भाषण दिया। उन्होंने भगवान शिव और गुरुनानक को फोटो दिखाई। राहुल ने 90 मिनट भाषण दिया, जिसमें जो लोग अपने आपको



हिन्दू कहते हैं वो 24 घंटे हिंसा, नफरत आप हिन्दू हो ही नहीं। हिन्दू धर्म में साफ लिखा है, सच का साथ देना चाहिए। राहुल गांधी के बयान पर सत्ता पक्ष के सदस्यों ने हंगामा किया। पीएम मोदी अपनी चेयर पर उठकर खड़े हुए और इसे गंभीर बात बताया। राहुल गांधी के उत्त बयान पर भाजपा ने तीख़ा पलटवार किया है। भाजपा छुरा मंडल के अध्यक्ष पीलू राम यादव ने इसे सनातन धर्म का अपमान बताते हुए कहा हिन्दू धर्म पर देश के करोड़ों लोगों को गर्व है और उसी गर्व से कहते हैं हम हिन्दू हैं, उनका बयान भारत की आस्था को ठेस पहुंचाता है साथ ही देश के करोड़ो हिन्दू धर्म के अनुयायियों को अपमानित करता है, असल में सनातन धर्म और हिन्दूओं के खिलाफ ज़हर उगलना कांग्रेस पार्टी की फितरत बन चुकी है, वही रसेला क्षेत्र के समस्त भाजपा कार्यकर्ताओं ने कहा राहुल गांधी हिन्दू धर्म से इतनी नफ़रत आखिर करते क्यों है। हिन्दू हिंसा करते हैं नफरत फैलाते हैं कहकर राहुल गांधी ने सनातन हिन्दू धर्म पर प्रहार किया है। हिन्दू समाज के बारे में आपत्तिजनक टिप्पणी की हम सभी घोर निन्दा करते हैं। राहुल गांधी सांसद में भाषा की मर्यादा रखकर तथ्यों के आधार पर बात करना चाहिए।

### मां शीतला की पूजा कर मनाया जुड़वास



**मुड़ागांव(कोरासी)।** इन दिनों ग्रामीण अंचल के गांव- गांव में एक परंपरा आदि अनादि काल से चली आ रही है। आषाढ़ के महीने में शीतला मंदिर में जुड़वास ठंठाई का



पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है, ग्राम खड़मा, कोरासी, मुड़ागांव, सोरिद खुर्द, अमेठी, कसेकेरा, रानीपरतेवा, करकरा, कुरेकेरा, बोईरगांव, पंक्तियां, जुनवानी, कनेसर, मड़ेली, अकलवारा, फिंगेश्वरी, आदि ग्रामो में मनाया जा रहा है। वहीं ग्राम मड़ेली में दैहिक, दैविक एवं भौतिक तापों से गांव की सर्वदा रक्षा करने वाली मां शीतला का जुड़वासा मां ग्रामीण सेवा समिति के तत्वावधान में मनाया जाता है। इस अवसर पर मां शीतला का दूध से अभिषेक, नीम पत्तियों के हार, हल्दी का टीका एवं वैदिक पूजन के साथ मां की आराधना की गई। आदिवासी संस्कृति में इसे माता पहुंचानी के नाम से भी जाना जाता है। जिस दिन गांव में शीतला जुड़वासा का कार्यक्रम रखा जाता है, उस दिन गांव में एक समय काम बंद रखा जाता है।

---

**गौरव गरियाबंद अभियान : उच्च शिक्षा गुणवत्ता के लिए प्रशासन की अभिनव पहल**

# शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम के लिए करें बेहतर कार्य : कलेक्टर अग्रवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

■ कलेक्टर ने शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने शुक्रवार को जिला पंचायत के सभागार में जिले के सभी हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्यों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में कलेक्टर अग्रवाल ने बोर्ड परीक्षा में शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम हासिल करने एवं उच्च शिक्षा गुणवत्ता के उद्देश्य से गौरव गरियाबंद अभियान की शुरुआत की। यह अभियान कक्षा 10वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों के शत प्रतिशत सफलता हासिल करने के लिए विशेष कार्य योजना है। कलेक्टर अग्रवाल ने अभियान का शुभारंभ करते हुए कहा कि इस वर्ष पिछले वर्ष की तुलना में और अधिक मेहनत करते हुए सभी स्कूलों में शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम हासिल करने के लिए गंभीरतापूर्वक अधिक प्रयास की जाए। बोर्ड परीक्षा में अच्छे रिजल्ट के लिए बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। साथ ही पाठ्यक्रम के हिसाब से शिक्षकों द्वारा बच्चों को निरंतर मार्गदर्शन एवं लक्ष्य हासिल करने के लिए प्रेरणा दी जाए। इसी आधार पर जिले में शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम के लिए इस वर्ष गौरव गरियाबंद अभियान चलाया जा रहा है। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने इस अभियान के तहत बनाए गए कार्य योजना को एकरूपता के साथ जिले के सभी स्कूलों में क्रियान्वित करने के निर्देश दिये। जिससे बोर्ड परीक्षा परिणाम में जिले की रैंकिंग में बेहतर सुधार परिलक्षित होगा। इस दौरान बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती रीता यादव, जिला शिक्षा अधिकारी श्री ए.के. सारस्वत, जिला समन्वयक केएस नायक सहित सभी बीईओ एवं प्राचार्यगण मौजूद रहे।



### दिसंबर तक बोर्ड परीक्षाओं के पाठ्यक्रम पूरा कराने का लक्ष्य

गौरव गरियाबंद अभियान के बारे में जानकारी देते हुए जिला नोडल मनोज केला ने बताया कि स्कूलों में बेहतर परीक्षा परिणाम के लिए एक्स्ट्रा क्लास, रेमेडियल क्लास संचालित कर शत- प्रतिशत परिणाम के लिए कार्य योजना बनाये गये है। दिसम्बर तक बोर्ड परीक्षाओं के पाठ्यक्रम जिले के सभी स्कूलों में पूर्ण कराये का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके पश्चात मिशन 40 दिन के तहत जनवरी और फरवरी माह में विशेष रूप से बोर्ड परीक्षा के विद्यार्थियों को पाठ्यक्रमों का रिवीजन कराया जायेगा। उन्होंने अभियान की जानकारी देते हुए बताया कि अच्छे परिणाम के लिए शुरू से ही विद्यार्थी एवं शिक्षकों की उपस्थिति की मॉनिटरिंग की जायेगी। कम उपस्थिति वाले स्कूलों का चिन्हांकन कर सुधार के लिए प्राचार्यों को आवश्यक निर्देश दिये जायेंगे। बेहतर परीक्षा परिणाम के लिए गौरव गरियाबंद अभियान के तहत बच्चों की सीखने की गुणवत्ता, स्टूडेंट डायरी, साप्ताहिक एवं मासिक टेस्ट तथा तिमाही, छमाही परीक्षा बोर्ड स्तर के आयोजित करने की विशेष कार्य योजना है। इससे बच्चों की बेहतर तैयारी हो सकेगी।

### बच्चों को विशेष तौर पर पढ़ाई के लिए करेंगे प्रोत्साहित

कमजोर बच्चों के लिए विशेष क्लास लगाये जायेंगे। 15-20 बच्चों के लिए मेंटर शिक्षक बनाये जायेंगे, जो कि बच्चों को विशेष तौर पर पढ़ाई के लिए प्रोत्सहित करेंगे। अभियान के तहत बच्चों को ऑनलाईन एवं स्मार्ट क्लास के भी माध्यम से अत्याधुनिक शैक्षणिक गतिविधियों से पढ़ाई में मदद किया जायेगा। इसके अलावा बच्चों को विशेष रूप से नीट, जेईई, मेरिट स्कॉलरशिप एवं अन्य प्रकार के प्रतियोगी तथा प्रवेश परीक्षाओं की भी तैयारी के लिए मार्गदर्शन दिया जायेगा। बेहतर परिणाम वाले स्कूल्स को जिला स्तर से प्रोत्साहित किया जाएगा। कमतर परीक्षा परिणाम वाले स्कूल्स में जिम्मेदारी तय की जाएगी। कमतर परिणाम वाले संस्था की बीईओ द्वारा सतत मॉनिटरिंग एवं परिणाम विश्लेषण कर रणनीति बनाकर कार्य करने पर जोर दिया जाएगा।

---

### रिक्त पदों को पदोन्नति द्वारा भरे जाने के बाद युक्तियुक्तकरण करना उचित होगा

**राजिम।** सेवा भर्ती पदोन्नति नियम 2019 के अनुसार सभी शिक्षक संवर्ग के पदों पर पदोन्नति की कार्यवाही करना विद्यार्थी हित में है। मार्च 2020 के स्थिति में प्राचार्य के 2820 पद रिक्त थे। सेवानिवृत्ति के फलस्वरूप आँकड़ा और अधिक हो गया है। ळ-संवर्ग में 2013 एवं ए-संवर्ग में 2016 से प्राचार्य पदोन्नति नहीं हुआ है। तकरीबन यही हाल व्याख्याता के रिक्त रहे 9622 पदों का है। जोकि सेवानिवृत्ति के कारण और अधिक हो गया है। प्रधानपाठक मिडल स्कूल के 5715,शिक्षक के 15969 एवं प्रधानपाठक प्राथमिक शाला के 20678 रिक्त पदों पर कमोबेश यही स्थिति है। फेडरेशन के प्रांताध्यक्ष राजेश चटर्जी, जिला अध्यक्ष मिश्री लाल तारक, विकास खण्ड अध्यक्ष यशवंत कुमार साहू, जिला कोषाध्यक्ष सोहन सेन, पूर्व जिला अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह ठाकुर, विकास खण्ड सचिव शोभा राम साहू, उपाध्यक्ष मयाराम जांगड़े, रामदयाल साहू, मुरारी लाल सोनी, सुनिता यादव, अंजनी यादव, आशा ध्रुव, विमला धनकर आदि सदस्यों का कहना है कि अध्ययन एवं अध्यापन की गुणवत्ता के लिए प्राथमिक,माध्यमिक,हाई तथा उच्चतर माध्यमिक स्कूलों में कक्षावार दर्ज संख्या के अनुसार विषय शिक्षकों की पदस्थापना आवश्यक है। अतः शिक्षक संवर्ग के रिक्त पदों को पदोन्नति द्वारा भरे जाने के बाद ही युक्तियुक्तकरण करना उचित होगा।





---

## कोसमी विद्यालय में प्रवेश उत्सव के साथ न्योता भोज का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोसमी में शाला प्रवेश उत्सव एवं नेवता भोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि तोकेश्वरी मांझी अध्यक्ष जनपद पंचायत छुरा, अध्यक्षता केसरी ध्रुव जिला पंचायत सदस्य, विशिष्ट अतिथि के रूप में लेखराज धुर्वा अध्यक्ष सरपंच संघ ब्लॉक छुरा, संतराम नेताम जनपद सदस्य, तुलसी कंवर सरपंच कोसमी, खेमलाल यादव अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति, प्राचार्य सुनील श्रीवास्तव मंचासीन हुए। तोकेश्वरी मांझी ने कहा कि नेवता भोज जैसे कार्यक्रम से बच्चों पालकों व शिक्षकों में संबंध प्रगाढ़ता आती है सरकार बच्चों को स्कूल तक लाने और पढने में रुचि जागृत करने अनेक योजनाएं ला रही है जिनका लाभ छात्र छात्राओं व पालकों को उठाना चाहिए, केसरी ध्रुव ने कहा कि सभी विद्यार्थी मन लगाकर पढ़ाई करें वह गांव के साथ-साथ माता-पिता गुरुजनों एवं क्षेत्र का नाम रोशन करें, प्राचार्य सुनील श्रीवास्तव ने विद्यालय का प्रतिवेदन पढ़ा व विद्यार्थियों की अच्छी पढ़ाई हेतु योग्य शिक्षकों द्वारा की जा रही है बताया, लेखराज ध्रुवा ने कहा कि गांव के बच्चों को योग्य बनाने के लिए हम सब की भागीदारी होनी चाहिए पश्चात नेवता भोज में बच्चों ने खीर पूरी दाल चावल सब्जी अचार पापड़ का आनंद लिया जिसे ग्राम पंचायत व विद्यालय परिवार की ओर से दिया गया था, कार्यक्रम में पंचगण, शाला प्रबंधन समिति के सदस्य गण, पालकगण प्राथमिक पूर्व माध्यमिक व हायर सेकेंडरी स्कूल के शिक्षक स्टाफ तथा विद्यार्थी गण उपस्थित रहे।

## विद्यालय एक ऐसा स्थान है जहां बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है : मांझी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा



सेंट जॉन्स इंग्लिश मीडियम सीबीएसई स्कूल छुरा में बड़े ही धूमधाम से शाला प्रवेश उत्सव एवं वृक्षारोपण का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में तोकेश्वरी मांझी अध्यक्ष जनपद पंचायत छुरा एवं शाला प्रबंध समिति के प्रमुख सदस्यगण सलीम मेमन, पूनम चंद्राकर उपस्थित रहे। तोकेश्वरी मांझी ने नवप्रवेशित छात्र - छात्राओं को प्रेरित करते कहा की शाला एक ऐसे स्थान है जहां बच्चो का सर्वांगीण विकास होता है। स्कूल प्रवेश उत्सव अपने साथ बहुत उत्साह लेकर आते हैं। यह आनंद मनाने और सभी शैक्षणिक दबावों को भूलने का एक बढ़िया समय होता है। हालाँकि, यह सब इतना ही नहीं है। स्कूल उत्सव छात्रों को व्यावहारिक ज्ञान के बारे में बहुत कुछ सिखाने का भी एक बढ़िया समय होता है साथ ही तोकेश्वरी मांझी के द्वारा सभी उपस्तिथत बच्चों, अतिथि व शिक्षकगणों को एक पेड़ मां के नाम थीम को लेकर सभी को शपथ दिलाया गया साथ ही एक पेड़ अपने माँ के नाम से लगाने का वचन लिया गया । इसी प्रकार शाला प्रबंध सदस्य सलीम मेमन ने वृक्षारोपण के विशेषता के बारे में बच्चों को बताते हुए कहा कि वृक्षारोपण यानी वृक्ष लगाना। प्रकृति में संतुलन बनाए रखने के लिए तथा अपने आस-पास के वातावरण को स्वच्छ बनाए रखने के लिए पेड़-पौधे लगाना बहुत ज़रूरी है। पेड़-पौधों के माध्यम से प्रकृति सभी प्राणियों पर अनंत उपकार करती है। पेड़-पौधे हमें छाया प्रदान करते हैं। इस विषेश कार्यक्रम के अवसर पर पूनम चंद्राकर ने बच्चों को प्रोत्साहित एवं प्रेरित करते कहा कि जो अभी नव प्रवेशित बच्चे आए है उन्हें शाला में अध्ययनरत जो बड़े भैया और दीदी लोग हैं वह अपने साथ अपने छोटे - छोटे भाई एवं बहन समझ कर उन्हें साथ लेके चले और अपने जीवन में अच्छा तरक्की करें और अपने मां बाप का और गुरुजनों का एवं शाला का नाम रोशन करें। इस दौरान प्राचार्य बिंदू जॉर्ज जेकब , प्रबंधक आशीष जॉर्ज जेकब, सुमंत आचार्य, लोवीत रत्नाकर, मोहित घृतलहरे, दुष्यंत यदु, कृष्ण निषाद, जोगेश्वर तांडी, भोजराज साहू, कीर्ति यादव, दीप्ति तारक पायल, काजल, परमेश्वरी, बिनीता व राधा शामिल थे।

## वैदिक शिक्षा को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का दायित्व है बटुकों पर : डीईओ





हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

शाला प्रवेश उत्सव में मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी एके सारस्वत अध्यक्षता जिला सांख्यिकी अधिकारी श्याम चन्द्राकर विशेष अतिथि विकासखण्ड स्रोत समन्वयक सुभाष शर्मा और संकुल समन्वयक धर्मेन्द्र ठाकुर की गरिमामयी उपस्थिति रही। जिला शिक्षा अधिकारी ने अपने उद्बोधन में कहा कि बाल्यावस्था से ही भारतीय संस्कृति को सीखना और समाज तक आगे ले जाने का दायित्व इन बटुकों के ऊपर हैं। सांख्यिकी अधिकारी श्याम चंद्राकर ने उद्बोधन में विद्यापीठ की शिक्षा को भौतिकता से आध्यात्मिकता की ओर बढ़ने की प्रेरणा बताया जो यहाँ के विद्यार्थी समाज को दे रहे हैं। कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षक उमाकांत साहू ने किया। इस कार्यक्रम में शाला के शिक्षिका कंचन शर्मा, चूड़ामणि पाण्डेय बालक शाला राजिम से डोमन सोनकर कन्या राजिम से सुरेश कण्डरा, आश्रम के प्रबंधक नूतन तिवारी उपस्थित रहे।

## खाद व बीज का वितरण प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा



### अब तक डेढ़ करोड़ वितरित

आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित पाठ सिवनी में खाद एवं बीज पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध वितरण किसानों को प्रारंभ है, समिति के प्रबंधक उद्देशवर कौशिक एवं सहायक प्रबंधक सखाराम दीवान ने बताया कि अब तक लगभग 2 करोड़ के आसपास खाद, बीज, नगद का वितरण किया जा चुका है और यह सितंबर माह तक चलेगा। जिन किसानों को आवश्यकता हो वह समिति के समय में पहुंचकर खाद, बीज, नगद का कार्य कर सकते हैं। आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित पाठ सिवनी में कल 595 सदस्य हैं, जिसमें 539 लघु कृषक और 56 दीर्घ कृषक है जिन्हें अब तक एक करोड़ 21 लाख नकद एवं 44.37लाख खाद, बीज एवं8. 60 लाख का बीज वितरण किया जा चुका है और यह लगातार चलेंगी साथ ही साथ समिति में यूरिया, सुपर, डीएपी, पोटाश, नैनो ,डीएपी ,सागरिका एनपी के,नैनो एरिया का पर्याप्त मात्रा में है इसी प्रकार बीज में सारण, एमटीयू 1010, एमटीयू 1001, महामाया ,सरना सब 1,आईआर 64, दुर्गेश्वरी, जिंक राइस, एमटीयू 1156, सी आरधन 310 पर्याप्त मात्रा में बीज उपलब्ध है, समिति के प्रभारी ने बताया कि समिति द्वारा लगातार किसानों के लिए खाद बीज उपलब्ध कराया जा रहा है ताकि किसान ने कार्य में किसी प्रकार की दिक्कत ना हो।

## कोरासी स्कूल में न्योता भोज व पौधा रोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव(कोरासी)





शासकीय प्राथमिक शाला एवं शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कोरासी में शुक्रवार को शाला परिसर में फलदार एवं छाया दार पौधा लगाया गया। साथ ही इस अवसर पर न्योता भोज का आयोजन भी किया गया। जिसमें बच्चों, शिक्षकों व पालकों को खीर, पूरी, बड़ा एवं पनीर की सब्जी परोसा गया। इस अवसर पर तेजराम ध्रुव, कुमारी बाई ध्रुव सरपंच, घनश्याम ठाकुर, डॉक्टर महावीर प्रसाद बरगाह, डाक्टर शिवदयाल ध्रुव, मनोज पटेल समाजसेवी, आत्माराम ठाकुर, लक्ष्मण ध्रुव, तुलसी बाई ध्रुव, ईन्द्रा दीवान, भाग सिंह ध्रुव, पूरन लाल निषाद, देवकरण ध्रुव, दालूराम कमार, यूमिता साहू, अंजोर दीवान, नकुल ध्रुव, रसोईया रामकुंवर ध्रुव आदि ग्राम के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## सांसद रूप कुमारी के जन्मदिन पर हुए विविध कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा






महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के सांसद रूप कुमारी चौधरी के जन्मदिन के अवसर पर शुक्रवार को कार्यकर्ताओं द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। वृक्षारोपण, फल वितरण, शिक्षक सम्मान समारोह सहित कार्यक्रम संपन्न हुए। क्षेत्र भर के कार्यकर्ताओं ने अलग-अलग जगह पर उनका जन्मदिन का उत्साह के साथ मनाया। जनपद पंचायत के पूर्व सभापति एवं साहू समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष टीकम चंद साहू ने उनके कार्यालय पहुंचकर जन्मदिन की शुभकामनाएं देते उन्होंने कहा कि महासमुंद लोकसभा क्षेत्र में प्रथम महिला सांसद होने से क्षेत्र के विशेष कर महिलाओं में काफी उत्साह है और उन्हें अलग-अलग क्षेत्र के कार्य करने में काफी ऊर्जा मिलेगी, क्षेत्र में आने का निमंत्रण भी दिया। इसी तरह जिला पंचायत के सभापति फिरतू राम कवर, भाजपा के जिला मंत्री चिरंजीव देवांगन, नगर के भाजपा कार्यकर्ता मानसिंह निषाद सहित कार्यकर्ताओं ने उनके निवास पहुंचकर शुभकामनाएं दी और नगर सहित आसपास के सम्मान समारोह कार्यक्रम में उन्हें आने के लिए आमंत्रित किया। सांसद ने उन्हें क्षेत्र में दौरा करने और लोगों का आभार व्यक्त करने सहित कार्यक्रमों के लिए आने का आश्वासन दिया।

खबर संक्षेप



## बच्चे संस्कारित होंगे तो समाज में मिलेगी अलग पहचानः रामकुमार

**राजिम।** जीवन में संस्कार का बड़ा महत्व है यदि बच्चे संस्कारित होंगे तो समाज में अलग पहचान मिलेगी उक्त बातें गायत्री परिवार के इकाई प्रमुख रामकुमार साहू ने कही। यज्ञकर्ता चंद्रलेखा गुप्ता ने कहा कि पालक अपने बच्चो को अच्छी बाते सिखाए सुबह उठकर अपने से बड़ों को प्रणाम करना,प्रतिदिन स्नान करके अपने इष्ट देव के पास बैठकर पूजन करना इत्यादि। आज दीप यज्ञ के माध्यम से विभिन्न संस्कार संपन्न हुआ जिसमें सहिसपारा में दो विद्यारंभ सात जन्मदिवस, दमौवापारा में आठ विद्यारंभ, नौ जन्म दिवस संस्कार चंद्रलेखा गुप्ता, ओमिंन साहू द्वारा, सेम्हरतरा में चार बच्चों का जन्मदिन संस्कार हिमांशु साहू पूर्णिमा साहू द्वारा कुम्ही में पांच बच्चों का विद्यारंभ एवं दो बच्चों का जन्म दिवस संस्कार रामकुमार साहू, अमृत साहू, साधु राम साहू के द्वारा संपन्न कराया गया। सभी विद्यालय के प्रधान पाठक यशवंत साहू,रेवती देशमुख, संजय बांधे सहित ग्राम वासी माताओं का विशेष योगदान रहा। गायत्री परिवार के सक्रिय कार्यकर्ता एवं संकुल समन्वयक संतोष कुमार साहू ने बताया कि संस्कार और दीप यज्ञ का क्रम लगातार चलेगा।साथ ही गायत्री परिवार के सदस्यों द्वारा प्रत्येक गांव में पौधा रोपण किया जाएगा जिसके लिए सात जुलाई निर्धारित किया गया है। जिसकी तैयारी की जा रही है।

## पाण्डुका स्कूल में मना प्रवेश उत्सव



**पाण्डुका।** शासकीय प्राथमिक शाला पैरी कॉलोनी पाण्डुका में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। उपरोक्त कार्यक्रम में नव प्रवेशी कक्षा 1ली के बच्चों का माताओं एवं स्कूल के छात्रों द्वारा ताली बजाकर एवं तिलक अभिनंदन कर चरण स्पर्श कर भव्य स्वागत किया गया। इसके पश्चात अंगना में शिक्षा पढ़ाई तिहार सेल्फी कॉर्नर में सेल्फी लेकर इस कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु उत्साहवर्धन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में एसएमसी अध्यक्ष भारती सिन्हा, उपाध्यक्ष जयप्रकाश साहू, संयोजक एवं संस्था प्रमुख निर्मला शर्मा, संकुल समन्वयक संतोष साहू, शिक्षिका सावित्री मारकंडे, सोनल चौहान एवं अन्य सदस्य भी शामिल थे। उपरोक्त कार्यक्रम में निरीक्षण के लिए जिला नोडल अधिकारी प्रकाश शर्मा भी उपस्थित थे। बच्चों को मुंह मिठा कराकर गणवेश एवं पाठ्यपुस्तक वितरण किया गया। समूह के माध्यम से जिला पंचायत सदस्य लक्ष्मी साहू के द्वारा न्योता भोजन का कार्यक्रम भी करवाया गया।

अभियान : आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के तहत सम्पूर्णता अभियान का शुभारंभ

# जिले एवं ब्लॉक के अधिकारी और कर्मचारी समन्वय के साथ काम करें : विधायक ध्रुव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जिला मुख्यालय गरियाबंद के ऑक्शन हॉल में गुरूवार को नीति आयोग के अंतर्गत आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के तहत सम्पूर्णता अभियान उत्सव का शुभारंभ बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव एवं कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल ने दीप प्रज्जवलित कर किया। आकांक्षी ब्लाक कार्यक्रम अंतर्गत सम्पूर्णता अभियन के तहत विकासखण्ड गरियाबंद एवं मैनपुर में 6 संकेतकों का शत प्रतिशत क्रियान्वयन के लक्ष्य प्राप्ति के लिए 1 जुलाई से 30 सितम्बर तक किया जायेगा। जिसमें विभिन्न विभागों के समन्वय से 6 संकेतको के कार्य किये जायेंगे। इनमें स्वास्थ्य विभाग द्वारा पहली तिमाही के भीतर प्रसवपूर्व देखभाल, ब्लाक में लक्षित जनसंख्या के आधार पर बीपी, शुगर की जांच, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गर्भवती महिलाओं को नियमित रूप से पूरक पोषण आहार उपलब्ध कराने, कृषि विभाग द्वार फसल पैदावार को बढ़ावा देने के लिए किसानों के खेतों के मिट्टी की जांच एवं पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा महिला स्वसहायता समूह को रोजगार एवं स्वरोजगार करने के लिए चक्रिय निधि की राशि उपलब्ध कराया जायेगा। कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ एवं नोडल अधिकारी रीता यादव, जनपद उपाध्यक्ष प्रवीण यादव, उप संचालक पंचायत पदमिनी हरदेल, जनपद सीईओ गरियाबंद अमजद जाफरी, आकांक्षी फेलोशिप के समन्वयक प्रकृति गौतम, कृषि विभाग के उप संचालक चंदन रॉय, लीड बैंक अधिकारी मो. मोफिज, महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यक्रम अधिकारी अशोक पाण्डेय सहित जिला स्तरीय अधिकारी एवं मैदानी स्तर के कर्मचारी उपस्थित थे। इस दौरान बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव ने कहा कि आकांक्षी ब्लाक कार्यक्रम नीति आयोग के अंतर्गत सम्पूर्णता अभियान के तहत गरियाबंद एवं मैनपुर ब्लॉक के ग्रामों में 6 संकेतकों का शत प्रतिशत लक्ष्य को सितम्बर तक पूरा करें। इसके लिए जिले एवं विकासखण्ड के अधिकारी-कर्मचारी समन्वय के साथ काम करें। जिससे दूरस्थ अंचल के ग्रामीणों एवं विशेष पिछड़ी जनजाति के लोगों को भी केन्द्र एवं राज्य शासन के सभी योजनाओं से विशेष रूप से लाभान्वित किया जा सके। उन्होंने कहा कि गरियाबंद एवं मैनपुर विकासखण्ड आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है। इन क्षेत्रों के लोगों को सभी कार्य में आगे बढ़ाने के लिए विशेष कार्य करने की आवश्यकता है। इसके लिए अधिकारी-कर्मचारियों को भी गांवों में जाकर ग्रामीणों को प्रोत्साहित एवं मार्गदर्शन करने होंगे।

■ आकांक्षी ब्लॉक गरियाबंद एवं मैनपुर में सभी संकेतकों का क्रियान्वयन 30 सितम्बर तक किया जायेगा





### 3 माह के भीतर होगा शत- प्रतिशत कार्य : कलेक्टर

कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल ने कहा कि आकांक्षी ब्लाक कार्यक्रम के तहत प्रधानमंत्री के मंशानुरूप विभिन्न विभागों के माध्यम से 6 संकेतकों को लेकर आगामी 3 माह के भीतर शत प्रतिशत कार्य कराया जायेगा। इसके लिए जिले के सभी अधिकारी-कर्मचारी, शिक्षक, चिकित्सक,महिला बाल विकास विभाग के सुपरवाईजर, एएनएम, मितानिन, महिला समूह, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, पंचायत सचिव, रोजगार सहायक सहित अन्य लोगों के सहयोग से कार्य किये जायेंगे। कार्यक्रम में सम्पूर्णता अभियान के तहत सभी इंडिकेटरों को अपने ब्लॉक, जिला को स्वस्थ्य, समर्थ और समृद्ध बनाने की दिशा में कार्य करने की शपथ दिलाई गई। उल्लेखनीय है कि आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के तहत देश के 27 राज्यों और 4 केन्द्र शासित प्रदेशों की 500 ब्लाकों की पहचान की गई है। कार्यक्रम में 49 महिला स्व सहायता समूह के दीदियों को 7 लाख 35 हजार राशि का चेक सौंपा गया। साथ ही कृषि विभाग द्वारा 10 किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरण किया गया। कार्यक्रम स्थल पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा शिविर लगाकर स्वास्थ्य जांच कर दवाई वितरण किया गया।

## राहुल गांधी के बयान से नाराज हुए पूर्व सांसद साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

राहुल गांधी द्वारा लोकसभा में हिंदुओं पर दिए गए आपत्तिजनक बयान पर पूर्व सांसद चंदूलाल साहू ने अपनी नाराजगी जताते हुए कहा कि राहुल गांधी, उनकी पार्टी और उनके सहयोगी इंडी गठबंधन के लोग, लगातार सार्वजनिक मंचों पर हिंदू धर्म और हिंदुओं को लेकर अपमानजनक टिप्पणियां करते आए हैं, जिन पर शांत और सहनशील हिंदू समाज द्वारा कभी भी कोई प्रतिक्रिया नहीं दी गई और जिसका दुष्परिणाम यह है कि नेता-प्रतिपक्ष जैसे संवैधानिक पद पर आसीन राहुल गांधी अब लोकसभा के भीतर भी हिंदू धर्म को अपमानित करने का मौका नहीं छोड़ रहे हैं। लेकिन राहुल गांधी को यह समझना चाहिए कि अगर हिंदू वाकई में हिंसक होता, तो राहुल गांधी की कभी भी इतनी हिम्मत नहीं होती कि वह हिंदू धर्म को अपमानित करें। साहू ने कहा कि हमारा हिंदू धर्म इतना महान है कि हमें बचपन से यही सिखाया जाता है कि कभी भी किसी व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक या आर्थिक रूप से चोट (हिंसा) ना पहुंचाएं।



# बच्चे नियमित शाला में उपस्थिति के साथ मन लगाकर करें पढ़ाई

### विधायक इंद्रकुमार ने बच्चों को तिलक लगाकर कराया शाला प्रवेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पोंड़ में विधायक अभनपुर इंद्रकुमार साहू के मुख्य आतिथ्य में शाला प्रवेश उत्सव संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में शालाओं में नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर, मिठाई खिलाकर स्वागत के साथ उन्हें निःशुल्क पाठयपुस्तक, गणवेश, सायकल का वितरण किया गया।दिव्यांग बच्चों को उपकरण वितरित किया गया। प्रतिभावान बच्चों का सम्मान किया गया जिसके अंतर्गत बोर्ड परीक्षा सत्र 2023- 24 में विकासखंड अभनपुर से उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त बच्चों को विधायक इंद्रकुमार साहू द्वारा प्रत्येक विद्यार्थी को 10 हजार की राशि प्रदान करने की घोषणा की। बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर विशेष उपलब्धि प्राप्त प्रतिभावान बच्चों को बीईओ धनेश्वरी साहू द्वारा पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधा रोपण किया गया। इस अवसर पर स्व.घनाराम साहू सेवानिवृत्त प्रधान पाठक की स्मृति में बिंदा देवी साहू एवं उनके सुपुत्र सामाजिक कार्यकर्ता ब्रह्मानंद साहू द्वारा सभी को न्यौता भोज कराया गया। विधायक इंद्रकुमार साहू बच्चों के साथ बैठकर न्योता भोज में सम्मिलित हुए। विधायक ने कहा की सभी बच्चे नियमित शाला में उपस्थिति प्रदान कर मन लगाकर पढ़ाई करें, सभी क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करें और अपने शाला तथा विकासखंड का नाम रौशन करें।बच्चों ने इस दरमियान सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य खेमराज कोसले, जनपद सदस्य उत्तम साहू, सूरज साहू, सरपंच पोंड़ ओमप्रकाश साहू, एसडीएम रवि सिंग, जनपद सीईओ राजेंद्र पांडेय, तहसीलदार रामप्रसाद बघेल, बीईओ धनेश्वरी साहू, एबीईओ अजय वर्मा, राजेश साहू, बीआरसीसी राकेश साहू, प्राचार्य दीपिका माहेश्वरी, स्मिता कर, संकुल समन्वयक नागेंद्र कुमार कंसारी, बुद्धेश्वर बघेल, पीटीआई बीआर साहू, विजय सिंह रत्नाकर सहित विकासखंड अभनपुर के समस्त प्राचार्य, संकुल समन्वयक, समस्त पीटीआई, प्रधान पाठक, जनप्रतिनिधि, ग्राम पोंड के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। मंच संचालन निशा नैय्यर द्वारा किया गया।

# छात्राओं को दिए गए गणवेश व पाठ्य पुस्तकें





हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

नगर के हृदय स्थल सदर रोड स्थित प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्था शासकीय कन्या पूर्व माध्यमिक शाला, नवीन पूर्व माध्यमिक शाला बढ़ई पारा व बालक प्राथमिक शाला बढ़ई पारा नवापारा के संयुक्त तत्वावधान में इको क्लब कन्या शाला के सहयोग से शाला प्रांगण में पौधारोपण, पुस्तक व गणवेश वितरण के साथ ही शाला प्रवेशोत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया गया। शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका परिषद गोबरा नवापारा से नगर पालिका उपाध्यक्ष चतुर जगत, विशेष अतिथि के रूप में समाज सेवी अनुराधा माहेश्वरी एवं शारदा माहेश्वरी जन प्रतिनिधि के रूप में सुनील शर्मा व विक्रम भोई शामिल हुए। नगर की सामाजिक संस्था महावीर इंटरकॉन्टिनेंटल सर्विस ऑर्गेनाइजेशन की अध्यक्ष अंजू पारख व रुपाली अग्रवाल एवं उनके समूह द्वारा पौधा उपलब्ध कराकर कार्यक्रम में सहयोग प्रदान किया गया। अतिथियों के द्वारा शाला के छात्र-छात्राओं के साथ ही शाला परिसर में छायादार पौधे रोपे गए। छात्राओं को गणवेश एवं पाठ्य पुस्तकें वितरण कर बच्चों को अपना आशीर्वाद प्रदान किये। इस अवसर पर शासकीय कन्या पूर्व माध्यमिकशाला की प्रधानपाठका रेखा ठाकुर, शिक्षिका मंजू देवांगन, रामकुमारी वर्मा, नीता वर्मा, उधोराम तारक, युकेश तारक, ओपी साहू, मिडिल स्कूल बढ़ईपारा से मनीष जैन प्रधान पाठक, सुनील साहू, प्राथमिक शाला बढ़ईपारा से राजेंद्र मिश्रा प्रधानपाठक, ओपी साहू सहित अन्य शिक्षक गण व छात्र-छात्राएं काफी संख्या में उपस्थित थी।

■ शासकीय कन्या पूर्व माध्यमिक शाला में शाला प्रवेशोत्सव मना

# नव प्रवेशी बच्चों को बांटे गए पुस्तक एवं गणवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव(कोरासी)



प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला पत्तियां में शाला प्रवेश उत्सव का कार्यक्रम रखा गया । जिसमें अतिथि के रूप में सरपंच गणेश राम ध्रुव, उप सरपंच महेंद्र साहू, उदे राम साहू, मुनेश्वर पटेल, हेमसिंह ध्रुव ने मां सरस्वती के छायाचित्र पर पूजन अर्चन करके कार्यक्रम का शुरूआत किया। जो नव प्रवेशी बच्चों को पुस्तक एवं गणवेश देकर, मुंह मीठा करके गुलाल, अक्षत लगाकर स्वागत किया गया। साथ ही श्री गंगाराम यादव शिक्षक ने अपने जन्मदिन के उपलक्ष्य में न्योता भोज का कार्यक्रम रखा। जिसमें बच्चे खीर, पुरी, हरा सब्जी, मिठाई के साथ भोज कराया गया। बच्चे बड़े ही चाव के साथ भोजन का आनंद लिया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में माध्यमिक शाला प्रधान पाठक गिरवर लाल ध्रुव प्राथमिक शाला प्रधान पाठक ममता ध्रुव शिक्षक धामेश्वर साहू, गुरुदेव भास्कर, कन्हैया मंडल, ओमिन ध्रुव के साथ-साथ समूह से बसंत ध्रुव, निर्मला साहू, सुनैना, ओमन, गणमान्य नागरिक, स्वीपर, रसोईया उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक जागेश्वर राम ध्रुव द्वारा किया गया।

# हरिहर स्कूल को मॉडल स्कूल बनाया जाएगा : विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

विधायक इंद्रकुमार साहू ने पीएमश्री शास हरिहर उत्कृष्ट आत्मानंद स्कूल में एक विशेष बैठक लिया। बैठक में प्राचार्य संध्या शर्मा, गणमान्य नागरिक, भाजपा नेता एवं पत्रकार शामिल हुए। विधायक साहू ने हरिहर स्कूल को एक मॉडल स्कूल के रूप में बनाए जाने की बात कही।






एसडीएम, डीईओ एवं तहसीलदार की समझाइश का असर

# हिराबतर गांव में फिर से प्रारंभ हुआ विद्यालय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला



कलेक्टर के निर्देश पर गांव हीराबतर में एसडीएम विशाल महाराणा, डीईओ एके सारस्वत व तहसीलदार योगेंद्र देवांगन ने पहुंच कर कुछ दिनों से बंद स्कूल को पुनः प्रारंभ कराया गया। शिक्षा विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम हिराबतर में प्राथमिक व माध्यमिक शाला एक ही परिसर में संचालित है। वर्तमान में प्राथमिक शाला की दर्ज संख्या-71 है। इसमें दो शिक्षक कार्यरत है दर्ज के मान से एक शिक्षक का पद रिक्त है। माध्यमिक शाला में दर्ज संख्या-38 जिसमें तीन शिक्षक कार्यरत है दर्ज संख्या के मान से शिक्षक पर्याप्त है। शासन के निर्देशानुसार युक्तियुक्तकरण होना है, जिसमें प्राथमिक शाला में एक शिक्षक की प्रतिपूर्ति किया जाएगा। शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष ईश्वर नेताम को विकासखंड शिक्षा अधिकारी द्वारा अवगत करा दिया गया है। शासन से शिक्षकों की संलग्नीकरण बंद है, जैसे ही युक्तियुक्तकरण शासन से आदेश होगा। दोनों स्कूलों में दर्ज संख्या के मान से शिक्षक की व्यवस्था किया जायेगा। वर्तमान में दोनों स्कूलों को एक साथ संचालित करने के लिए प्रधानपाठक को निर्देश दिये गये है। शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष को जिला शिक्षा अधिकारी ने समझा कर स्कूल की ताला खोलने कहा गया और बच्चों को स्कूल आने के लिए कहा गया। उन्होंने बताया कि दोनों संस्था संयुक्त रूप से संचालित कर सरलता से अध्यापन कार्य कराया जा सकता है। अधिकारियों की समझाइश से छात्र हित में गांव वालों ने विद्यालय पूर्व की संचालित करने के लिए सहमत हो गए हैं। सभी बच्चे कल से नियमित स्कूल आयेंगे। अधिकारियों की संयुक्त टीम गांव पहुंचकर पालकों से चर्चा करते हुए बताया कि जैसे ही युक्तियुक्तकरण का आदेश होते ही स्कूल में बच्चों की दर्ज संख्या के आधार पर शिक्षक की व्यवस्था की जायेगीं। जिससे सभी पालकों ने सहमति जाहिर की। शिक्षा अधिकारी ने बताया कि इन स्कूल के सभी विद्यार्थियों को गणवेश और पाठ्यपुस्तकें प्रदान कर दिया गया है। सभी पालक सहमति दे दिए हैं, स्कूल आज से नियमित रूप से संचालित हो रहा है।